प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 03.11.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. भारत के सबसे भारी संचार उपग्रह सीएमएस–03 के सफल प्रक्षेपण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी बधाई कहा– यह सफलता भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों की दिशा में प्रेरणादायक कदम।
2. ट्यूनीशिया में फंसे राज्य के 48 मजदूरों की स्वदेश वापसी कल से चरणबद्ध रूप में होगी शुरू, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हस्तक्षेप के बाद वतन वापसी की प्रक्रिया हुई तेज।
3. घाटशिला में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने राज्य सरकार पर आदिवासियों के साथ अंग्रेजों से भी बुरा व्यवहार करने का लगाया आरोप, जनता से बाबूलाल सोरेन को समर्थन देने की अपील की।
4. राज्य में मौसम ने ली करवट, आठ नवंबर तक सुबह के समय कोहरा छाए रहने की संभावना, मौसम सामान्य रहने का पूर्वानुमान।
5. भारत ने आईसीसी महिला विश्व कप के फाइनल में विश्व विजेता बन रचा इतिहास, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने इसे देश के लिए बताया गौरव का क्षण।

*******************

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के सबसे भारी संचार उपग्रह सीएमएस–03 के सफल प्रक्षेपण पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन – इसरो और भारतीय नौसेना को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट पर उपराष्ट्रपति ने बताया कि कैसे भारत का शक्तिशाली एलवीएम3–एम5 रॉकेट जीसैट–7आर – सीएमएस–03 के सफल प्रक्षेपण के साथ एक बार फिर आसमान में उड़ान भर रहा है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि देश के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों द्वारा प्रेरित इन सफलताओं ने राष्ट्रीय प्रगति को आगे बढ़ाया है और अनगिनत लोगों को सशक्त बनाया है। गौरतलब है कि लगभग 4 हजार 4 सौ किलोग्राम वज़न वाला सीएमएस–03, भू–समकालिक स्थानांतरण कक्षा में प्रक्षेपित किया गया, भारत का अब तक का सबसे भारी संचार उपग्रह है।

*******************

ट्यूनीशिया में फंसे झारखंड के 48 मजदूरों की स्वदेश वापसी कल से शुरू होगी, जिसमें कल 31 मजदूर, 5 नवंबर को 10 मजदूर और 6 नवंबर को 8 मजदूर लौटेंगे। सभी मजदूर मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने के बाद अपने गृह प्रखंडों को लौटेंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हस्तक्षेप के बाद मजदूरों की वतन वापसी की प्रक्रिया तेज हुई।

*******************

घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के दामपाड़ा इलाके में आयोजित जनसभा में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने क्षेत्र के विकास के लिए जनता को बाबूलाल सोरेन को समर्थन देने की अपील की है। मौके पर उन्होंने राज्य सरकार पर आदिवासियों के साथ अंग्रेजों से भी बुरा व्यवहार करने का आरोप लगाया।

*******************

रांची में झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के बयान को राजनीतिक बौखलाहट बताया और उन पर झूठ और अफवाह की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार जनता के विश्वास से बनी है और पारदर्शिता और जनहित के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। गौरतलब है कि नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर भ्रष्ट अधिकारियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है।

*******************

झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक आज दोपहर 3 बजे से रांची के झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में आयोजित की जाएगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने इसकी आधिकारिक सूचना जारी की। आज आयोजित बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं।

*******************

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ 22 सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देश भर के नागरिकों को लाभ हुआ है। इसी कड़ी में आज अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से पर्यटन क्षेत्र में नागरिकों को पहुंच रहे फायदों पर हमारी संवाददाता की एक रिपोर्ट–

*******************

खूंटी के मुरहू और कर्रा थाना क्षेत्रों में पुलिस प्रशासन ने अवैध अफीम की खेती के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान ग्रामीणों को बताया गया कि अफीम की खेती कानूनन अपराध है और इसके लिए सख्त सजा का प्रावधान है। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से वैकल्पिक फसलों की खेती अपनाने और किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत देने की अपील की।

*******************

धनबाद शहर में गया पुल के बाद अब बरमसिया पुल की मरम्मत का कार्य 5 नवंबर से प्रारंभ किया जाएगा।

*******************

मौसम विभाग ने बताया कि आठ नवंबर तक सुबह के समय कोहरा या धुंध पड़ने की संभावना बनी रहेगी। रांची समेत राज्य के अन्य हिस्सों में भी इसी तरह का मौसम रहने की संभावना जताई गई है और किसी तरह की चेतावनी जारी नहीं की गई है। पिछले 24 घंटे में मांडर में सबसे अधिक 2.6 मिमी बारिश हुई, जबकि जगन्नाथपुर का तापमान 33.9 डिग्री और लातेहार का न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

*******************

आईसीसी महिला विश्व कप के फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हरा कर पहली बार विश्व कप अपने नाम किया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 298 रन बनाये। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 246 रन पर सिमट गयी। शेफाली वर्मा कों प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे देश के लिए गौरव का क्षण बताया।

वही भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पाँच टी–20 मैचों की श्रृंखला के तीसरे मुकाबले में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हरा दिया है।

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने महिला वनडे विश्वकप फाइनल में भारत के विश्व चैंपियन बनने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है हर मन ख्वाब हुए पूरे बेटियां विश्व चैंपियन।

हिंदुस्तान की शीर्षक है राज्यकर्मियों के कार्य हस्तांतरण प्रक्रिया के लिए बनेगा एसओपी।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं झारखंड खनन में टॉप और पर्यटन में शीर्ष 12 राज्यों में।

दैनिक जागरण ने लिखा है विद्यार्थी इच्छित शहर में देंगे जेईई मेन।

******************